FA	1

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : 2 विषय : हिन्दी

PAPER CODE : 2013 पूर्णांक : 10

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड – 'अ' (अंक 05)

LO – L-203 - देखी, सुनी बातों, कहानी, कविता आदि के बारे में बातचीत करते हैं और अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं।

गतिविधि 1. चित्र बातें करते हैं

'दोस्त की मदद' कहानी के लिए चित्र बनायेंगे। छात्र समूह में काम करेंगे। अलग–अलग चित्र बनाकर पूरी कहानी को एक बड़े कागज में चिपकायेंगे। तत्पश्चात् चित्रों के अनुसार कहानी को अपने शब्दों में कक्षा में सुनायेंगें।

गतिविधि 2. जंगल का राजा

छात्र जानवरों एवं पक्षियों के कट आउट्स की मदद से/भूमिका अभिनय के साथ जंगल में पिकनिक मनाने के बारे में चर्चा करेंगे। जंगल का राजा शेर और बाकी सभी गोल घेरे में बैठेंगे और आपस में बातचीत करते हुए पिकनिक के विषय में सारी बातें तय करेंगे। भूमिका निर्वाह करते हुए गतिविधि को शिक्षक छात्रों के द्वारा पूरा करावायेंगे।

गतिविधि 3. क्या पहनेंगे आप ?

कक्षा को समूह में बांटा जायेगा तथा ठंड के समय बच्चे क्या पहनते हैं, अपने आस–पास क्या देखते हैं? यह कक्षा को बतायेंगे। समूह पहले आपस में चर्चा करेगा और उसके पश्चात समूह के दो प्रतिनिधि अपनी बात कक्षा को सुनायेंगे।

खण्ड 'ब' **(अंक 05)**

LO – L-204 - अपनी निजी जिंदगी और परिवेश पर आधरित अनुभवों को सुनायी जा रही सामग्री; जैसे- कविता, कहानी, पोस्टर, विज्ञापन आदि से जोड़ते हुए बातचीत में शामिल करते हैं।

गतिविधि 4. आओ किताब जमाएं

छात्र अपनी कक्षा में पुस्तकालय में जितनी किताबे है, उन्हें बड़े एवं छोटे आकार की किताब तथा मोटी और पतली किताब के अनुसार जमाकर रखें, उनमें से एक किताब चुने जो छात्र को बहुत पसंद आई हो, और बतायें कि उस किताब में उसे क्या–क्या अच्छा लगा।

गतिविधि 5. आस–पास के पक्षी

अपने स्क्रैप बुक में आपके आस–पास दिखने वाले पक्षियों के चित्र चिपकाएँ, अपने दोस्तों और माता–पिता से पूछकर पता लगाएँ कि ये कहाँ रहते हैं और कैसे घोंसला बनाते हैं ? पक्षियों में रंग भरें।

गतिविधि 6. बारिश का मौसम

तेज बारिश होने से चारों ओर पानी भर जाता है, सड़कों पर कीचड़ हो जाता हैं, तेज धूप होने से सड़कों और खेतों की स्थिति कैसी होती है। आपस में चर्चा करके कक्षा को बताइए।